आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – विकसित भारत – जी राम जी विधेयक मनरेगा योजना की कमियों को दूर करेगी।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा उन्नीस सौ तैंतालीस में पहली बार तिरंगा झंडा फहराए जाने के अवसर पर, फ्लैग पॉइंट पर समारोह का आयोजन किया गया।
- एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चार जनवरी को श्री विजया पुरम में ओपन स्टेट क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप और चयन ट्रायल आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नीति आयोग की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय बजट 2026–27 से पहले सुझावों के लिए प्रमुख अर्थशात्रियों तथा क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से बातचीत की। यह बैठक देश की आर्थिक स्थिति और भविष्य की प्राथमिकताओं के बारे में विचार और आकलन साझा करने का माध्यम बनेगी। बैठक में उन क्षेत्रों के बारे में प्रमुखता से विचार–विमर्श हुआ, जिनमें अर्थव्यवस्था को मजबूती और विकास को गति देने तथा उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए सुधार जरूरी है। नीति आयोग द्वारा आयोजित इस संवाद से आर्थिक आयोजना के अगले चरण की तैयारी के लिए सरकार को बहुमूल्य सुझाव मिल सकेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के योगदान का स्मरण किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि तीस दिसंबर, उन्नीस सौ तैंतालीस को नेताजी ने पोर्ट ब्लेयर में अटूट साहस और वीरता के साथ तिरंगा फहराया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास का यह क्षण देश को याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल आकांक्षा के माध्यम से नहीं बल्कि शक्ति, कड़ी मेहनत, न्याय और सामूहिक संकल्प के माध्यम से प्राप्त होती है।

<><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा की नौवीं कड़ी के लिए दो करोड़ बानबे लाख से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने अब तक पंजीकरण कराया है। यह कार्यक्रम अगले वर्ष जनवरी में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा के दौरान देश–विदेश से विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री से परीक्षा के तनाव पर चर्चा करेंगे। कक्षा छह से बारह तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण MyGov प्लेटफॉर्म पर ग्यारह जनवरी तक कराया जा सकता है।

<><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि संसद ने वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए विकसित भारत – जी राम जी विधेयक पारित किया है। वे आज भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा उन्नीस सौ तैंतालीस में पहली बार तिरंगा झंडा फहराए जाने के बयासीवीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर, श्री विजया पुरम के फ्लैग पॉइंट पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आज सुबह रिमोट बटन दबाकर एक सौ पचास फीट ऊंचे ध्वजस्तंभ पर बीस फीट लंबे और बीस फीट चौड़े विशाल तिरंगे को फहराया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, पी सी सी एफ संजय कुमार सिन्हा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अंडमान निकोबार पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति की धुन प्रस्तुत की गई।

<><><><><><><>

इस सिलसिले में छोलदारी के विवेकानंद मैदान में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन स्थानीय ग्रामीणों और आजाद हिंद फौज के वंशजों द्वारा मिलकर किया गया। इस ऐतिहासिक दिवस की स्मृति में, छोलदारी के विवेकानंद मैदान में 'आजाद हिंद मेला' का शुभारंभ हो रहा है। यह मेला आज से शुरू होकर पांच जनवरी दो हजार छब्बीस तक चलेगा। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का केंद्र होगा, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को आजाद हिंद फौज के बलिदान और देशभक्ति के इतिहास से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बनेगा।

<><><><><><><>

भारत की विकास यात्रा में वर्ष 2025 एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष कल्याणकारी नीतियों ने प्रगति को जन्म दिया और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज प्रस्तुत है 2025 में सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत की प्रगति....

<><><><><><><>

एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह, अंडमान निकोबार स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से चार जनवरी दो हजार छब्बीस को श्री विजया पुरम में ओपन स्टेट क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप और चयन ट्रायल आयोजित करेगा। इस चैंपियनशिप के आधार पर चुने गए एथलीट चौबीस जनवरी दो हजार छब्बीस को रांची, झारखंड में आयोजित होने वाली साठवीं नेशनल क्रॉस कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में हिस्सा लेंगे। सभी प्रविष्टियाँ ऑनलाइन जमा करनी होंगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि तीन जनवरी है।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप पर कल शाम 4 बजे से 6 बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों और मछुआरों को इस दौरान फायरिंग क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी है।

<><><><><><><>